# जनपद शामली पुलिस

**--सोशल मीडिया सेल शामली--**

**प्रेस विज्ञप्ति** **दिनांक 11.09.2024**

**थाना झिंझाना पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम बिडौली सादात स्थित खनन स्टाफ पर फायरिंग करने के मामले में वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से अवैध हथियार मय कारतूस बरामदः-**

आज दिनांक 11.09.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री रामसेवक गौतम के आदेशानुसार चलाये जा रहे संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल नेतृत्व में थाना झिंझाना पुलिस द्वारा ग्राम बिडौली सादात स्थित खनन स्टाफ पर फायरिंग करने के मामले में वांछित 01 अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है, जिसके कब्जे से अवैध 01 तमंचा 315 बोर मय 01 खोखा कारतूस (नाल में फसा हुआ) बरामद हुआ है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना झिंझाना पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

ज्ञात हो कि दिनांक 16/17.08.2024 की रात्रि में थाना झिंझाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम बिडौली सादात स्थित खनन स्टाफ पर 04 अज्ञात व्यक्तियों द्वारा खनन स्टाफ पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की गई थी। जिसमे खनन स्टाफ का एक व्यक्ति भी घायल हुआ था। जिसके सम्बन्ध में दिनांक 17.08.2024 को थाना झिंझाना पर अज्ञात के विरुद्ध तहरीर दाखिल की गई थी। दाखिला तहरीर के आधार पर थाना झिंझाना पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। घटना का संज्ञान लेकर पुलिस अधीक्षक शामली ने झिंझाना पुलिस को अभियुक्तगण की यथाशीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया था।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1.हरमनप्रीत सिंह पुत्र नम्बरदार निवासी चोरमार खेड़ा थाना ओढा जनपद सिरसा हरियाणा।

**बरामदगी का विवरणः-**

1.अवैध 01 तमंचा 315 बोर मय 01 खोखा कारतूस (नाल में फसा हुआ)



**थाना कैराना पुलिस द्वारा मादक पदार्थ तस्करी के मामले में वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तारः-**

आज दिनांक 11.09.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री रामसेवक गौतम के आदेशानुसार चलाए गये मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त/वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी/बरामदगी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल नेतृत्व में थाना कैराना पुलिस द्वारा मादक पदार्थ तस्करी के मामले में वांछित 01 अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। दिनांक 17.06.2024 को 01 अभियुक्त फिरोज पुत्र अय्युब निवासी ग्राम गोगवान को पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना कैराना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1.सादिक पुत्र सालिम उर्फ जम्मल निवासी ग्राम भूरा थाना कैराना जनपद शामली।



**<u>थाना झिंझाना पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम खेड़ी खुशनाम में हुई चोरी की घटना में वांछित 01 चोर गिरफ्तार, कब्जे से अंगूठी, चैन व पायल बरामदः-</u>**

आज दिनांक 11.09.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री रामसेवक गौतम के आदेशानुसार चलाये जा रहे संदिग्ध वाहन/व्यक्ति की चैकिंग अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल नेतृत्व में थाना झिंझाना पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम खेड़ी खुशनाम में हुई चोरी की घटना में वांछित 01 चोर को 02 अंगूठी पीली धातु, 01 चैन सफेद धातु व 02 जोडी पायल सफेद धातु सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना झिंझाना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

ज्ञात हो कि दिनांक 24.05.2024 को वादी श्री नीरज पुत्र विनोद निवासी ग्राम खेड़ी खुशनाम थाना झिंझाना जनपद शामली द्वारा घर में रखी नगदी व आभूषण चोरी करने के सम्बन्ध में अज्ञात के विरुद्ध थाना झिंझाना पर तहरीर दाखिल की गयी थी। दाखिला तहरीर के आधार पर थाना झिंझाना पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत किया गया था।

**<u>नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-</u>**

1.चरण सिंह उर्फ चरणू पुत्र धर्मपाल निवासी ग्राम खानपुर कला थाना झिझाना जनपद शामली।

**<u>आपराधिक इतिहास अभियुक्त उपरोक्तः-</u>**

**1.**मु0अ0सं0-138/2024 धारा 3/25 आयुद्ध अधि0 थाना झिझाना जनपद शामली।
2.मु0अ0सं0 -212/2024 धारा 457/380 /411 भादवि0 थाना झिंझाना जनपद शामली।
3.मु0अ0सं0-380/2024 धारा 317(5) बीएनएस थाना झिझाना जनपद शामली।
4.मु0अ0सं0-692/17 धारा 379-ए/411/120-बी भादवि0 सैक्टर -5 थाना पंचकुला हरियाणा।
5.मु0अ0सं0-222/17 धारा 379-ए भादवि सैक्टर -5 थाना पंचकुला हरियाणा।
6.मु0अ0सं0-245/17 धारा 379-ए/411 भादवि0 सैक्टर -5 थाना पंचकुला हरियाणा।
7.मु0सं0-544/17 धारा 379-ए/411/120-बी भादवि0 सैक्टर -5 थाना पंचकुला हरियाणा।
8.मु0अ0सं0-255/17 धारा 379-ए भादवि0 सैक्टर -5 थाना पंचकुला हरियाणा।
9.मु0अ0सं0-10/2018 धारा 379-ए/411 भादवि0 सैक्टर -14 पंचकुला हरियाणा ।
10मु0अ0सं0-135/18 धारा 379-ए भादवि सैक्टर -5 पंचकुला हरियाणा।
11.मु0अ0सं0-552/17 धारा 379-ए भादवि सैक्टर -5 पंचकुला हरियाणा।
12.मु0अ0सं0-29/18 धारा 379-ए भादवि थाना चंढीमंदिर पंचकुला हरियाणा।
13.मु0अ0सं0-196/19 धारा 2/3 गैगस्टर एक्ट जीआरपी सहारनपुर।

**<u>बरामदगी का विवरणः-</u>**

1.अंगूठी 02 पीली धातु।
2.चैन 01 सफेद धातु।
3.पायल 02 जोडी सफेद धातु।



**थाना कैराना पुलिस द्वारा वांछित/वारण्टी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 01 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तारः-**

आज दिनांक 11.09.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली के आदेशानुसार चलाए जा रहे वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना कैराना पुलिस द्वारा वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 01 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है । अभियुक्तों की गिरफ्तारी के संबंध में थाना कैराना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1.इनाम पुत्र रासीद निवासी ग्राम बुच्चाखेड़ी थाना कैराना जनपद शामली।



**<u>थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा 01 चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी किया हुआ सामान व चोरी की घटना मे प्रयुक्त कार बरामदः-</u>**

ज्ञात हो कि दिनांक 10.09.2024 को वादी श्री नवाजिश पुत्र दिलशाद निवासी ग्राम लिलौन थाना कोतवाली शामली जनपद शामली ने अपनी दुकान से सब्जी व नगदी चोरी होने के सम्बन्ध में व अपने पडौसी राशिद व रिजवान की दुकान से गन्डासे, हथोडे, रेती व पंखे व तार आदि सामान चोरी कर लेने के सम्बन्ध तथा फुरकान पुत्र साबिर अली की दुकान के कैमरे तोडने के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर तहरीर दाखिल की गई थीं। दाखिला तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली शामली पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत किया गया था।

इसी क्रम में आज दिनांक 11.09.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री राम सेवक गौतम के आदेशानुसार चलाये जा रहे संदिग्ध वाहन/व्यक्ति की चैकिंग अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा 01 चोर को आलू व प्याज के कट्टे व घटना में प्रयुक्त कार सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-</u>**

1.मुस्तकीम पुत्र महबूब निवासी मौहल्ला नौ कुआं नई बस्ती थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

**<u>बरामदगी का विवरणः-</u>**

1.चोरी किया हुआ सामान (02 प्लास्टिक के कट्टो में आलू वजन करीब 40 कि0ग्राम व प्याज वजन करीब 25 कि0ग्राम )।

2.घटना मे प्रयुक्त सैन्ट्रो कार (रजि नं0 DL 7 CP 3563)

